

मुक्तेश्वर महाकाल का दूल्हे के रूप में श्रृंगार

**भोपाल, 4 अगस्त.** छोला विश्रामघाट स्थित मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में भगवान मुक्तेश्वर महाकाल का दूल्हा रूप में श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई. शाम 5 बजे राजाधिराज मुक्तेश्वर महाकाल की सवारी निकाली गई.

# शहर में गूंजे बम-बम भोले के जयकारे

## आखिरी श्रावण सोमवार पर भगवान शिव का अभिषेक, मोगरे के फूलों से श्रृंगार

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 अगस्त. श्रावण मास के अंतिम सोमवार श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना में लीन रहे. सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, इस अवसर पर सभी मंदिरों में भक्तों द्वारा विशेष रूप से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई. विभिन्न क्षेत्रों में कांवड़ यात्रा निकाली गई, कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे. इस दौरान कांवड़ियों द्वारा लाए गए नर्मदा जल से भगवान का अभिषेक किया गया.**

राजधानी के मंदिर सुबह से ही शिव चालीसा, और तांडव स्तोत्र की ध्वनि से गूंजते रहे. श्रद्धालुओं ने जल कलश से भगवान शिव का अभिषेक किया. कई स्थानों पर कांवड़ यात्रा का आयोजन भी किया गया है. भीमेश्वर महादेव मंदिर, बरखेड़ा में भक्तों के द्वारा विशेष रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक और रात्रि जागरण का कार्यक्रम किया गया. साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी किया गया. लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में 108 कलशों से जलाभिषेक और शिव तांडव स्तोत्र के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया. जहां पर भक्तों के द्वारा विशेष रूप से पूजन अर्चना कर मनोकामनापूर्ति का आह्वान किया गया. महाकाल मंदिर, करोंद में दिनभर भस्म आरती, बेलपत्र अर्पण और हवन किया गया. भक्ति गीतों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों द्वारा दी गई. रामेश्वर मंदिर, टी.टी. नगर सुगंधित जल व चंदन से विशेष पूजन, महिलाओं द्वारा श्रृंगार दर्शन हेतु विशेष आरती भोलेनाथ मंदिर, कोहेफिजा, बाल कलाकारों द्वारा शिव लीला की नाट्य प्रस्तुति और रात्रि में दीप महाआरती की गई. इधर, शहर के रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को प्रदोष काल में शाम 5 बजे से पंडित राजेंद्र पलिया द्वारा विधि विधान से श्रद्धालुओं से सामूहिक रुद्राभिषेक, पूजन कराया गया. इस अवसर पर महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किए.





### बाबा बटेश्वर ने किया नौका विहार

श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार के अवसर पर हरित श्रृंगार के तहत फूल-पत्तियों का बगीचा बनाकर बाबा बटेश्वर को नील सरोवर में नौका विहार कराया. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रात:काल नियमित एवं श्रावण मास में संकल्पित श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक, विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटी एवं अन्य द्रव्यों से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर पूजा आरती की. सांयकाल पूरे मंदिर को फूल-पत्तियों से बगीचे के रूप में सजाया गया एवं गर्भ गृह को नीलसरोवर का स्वरूप देकर माता गोरा एवं बाबा बटेश्वर को नाव में विराजमान कर नौका विहार कराया गया. रात्रि 9 बजे महाआरती, दर्शन एवं भजन संध्या संपन्न हुई. इधर, महापौर मालती राय व नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सोमवार को श्रवण मास के पावन अवसर पर नेहरू नगर स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर कांवड़ यात्रा में सम्मिलित हुए और धर्मलाभ लिया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे.

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में महाकाल का महाअभिषेक

**भोपाल, 4 अगस्त.** पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा संस्थान के तत्वाधान में भक्तों ने बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन, महाभिषेक किया. 108 औषधियों से सहस्त्रधारा से अभिषेक किया गया. शाम को 5 बजे भस्म आरती, 6 बजे बाबा महाकाल की महाआरती की गई. इस अवसर उमेश तिवारी, पंडित केशव शास्त्री, पंडित पार्थ पाराशर, अनुराग शर्मा, आकाश तिवारी, प्रधान पुजारी मोहनलाल शर्मा, उमेश तिवारी, शिरोमणि शर्मा, रामकुमार पाल, भगवान सिंह मीणा, अमन शर्मा आदि उपस्थित थे. मंगलवार के दिन महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जाएगा.

# रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों को बांधी राखी

▶ विश्व बंधुत्व की भावना को अपनाने का लिया प्रण

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 04 अगस्त. 107 बटालियन द्रुत कार्य बल (रेपिड एक्शन फोर्स) के जवानों को सोमवार को महिलाओं ने रखी बांधी. रक्षाबंधन पर्व के मौके पर अंतरराष्ट्रीय लायंस क्लब संस्था से जुड़ी महिलाओं ने जवानों को रखी बांधी. जवान पर्व के मौके पर कई बार अपने परिवार के पास नहीं जा पाते जिसके चलते संस्था से जुडी महिलाएं बहन के रूप में भाईयों की कलाई पर रखी बांधती है.**

इस दौरान महाले मनीष गोरख, श्वेता राणा, द्वितीय कमान अधिकारी एवं बटालियन के अधिकारी और जवान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. इस अवसर पर मन, वचन और कर्म की पवित्रता बनाए रखने और विश्व बंधुत्व की भावना को अपनाकर एक सुन्दर भविष्य का निर्माण करने का प्रण लिया गया. 107 बटालियन द्रुत कार्य बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक विशेष बल है, जिसे कम से कम समय में गंभीर परिस्थिति में, संकट/ आपदा की घड़ी में तैनात कर, आम जनता में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना सुदृढ़ की जाती है. अपने ध्येय वाला यह बल कम से कम शक्ति प्रयोग से हिंसा तथा उपद्रव को शांत करने में विशेष प्रवीण है. इसके अतिरिक्त विश्वसनीय एवं सामर्थ्य से युक्त यह बल भारत सरकार के निर्देशानुसार सौंपी गई जिम्मेदारियों, सांप्रदायिक दंगों, प्राकृतिक आपदाओं व दुर्घटनाओं में कायदा एवं सुव्यवस्था बरकरार रखकर, बचाव तथा सुरक्षा कार्य में प्रशासन का हाथ बटाने में भी अपना पूर्ण योगदान देता है.



### एम्स निदेशक डॉ. अजय सिंह को दी विदाई

**भोपाल, 4 अगस्त.** एम्स भोपाल ने कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ (डॉ.) अजय सिंह को सोमवार को चिकित्सक, एम्स कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी. डॉ. सिंह उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएम एस), सैफई, में कुलपति के पद का दायित्व संभालेंगे. विदाई समारोह में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एम्स भोपाल मेरे लिए सिर्फ एक कार्यस्थल नहीं रहा, यह एक परिवार रहा है. मुझे इस बात पर गर्व है कि हमने मिलकर बहुत कुछ हासिल किया है.

उल्लेखनीय है कि कार्यपालक निदेशक डॉ. सिंह के तीन साल के कार्यकाल में एम्स में कार्डियक, किडनी, कॉर्निया और बोन मैरो ट्रांसप्लांट ट्रांसजेंडर, किशोर, जेरियाट्रिक और इनफर्टिलिटी जैसे 106 से अधिक विशेष क्लीनिकों सहित कई स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत हुई.

# सावन मेले में गाए किशोर दा के गीत

## गौहर महल में किशोर कुमार के जन्मदिवस पर हुआ कार्यक्रम

**भोपाल, 4 अगस्त. सावन की भीनी खुशबू के बीच जब सुरों की सरिता बहती है, तो माहौल खुद-ब-खुद रूहानी हो उठता है. ऐसा ही कुछ दृश्य सोमवार की शाम गौहर महल में नजर आया, जहां सावन मेले के अंतर्गत स्व. किशोर कुमार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक शाम किशोर दा के नाम कार्यक्रम ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया. कार्यक्रम का आयोजन मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से किया गया.**

संगीत संध्या की शुरुआत हुई आत्मिक स्पर्श से भरे भजन इतनी शक्ति हमें दे न दाता... से. यह आरंभ ही दर्शकों को भीतर तक छू गया और संपूर्ण कार्यक्रम को एक भावपूर्ण आयाम दे गया. भोपाल के गायक अशोक हवेलिया ने किशोर कुमार के सदाबहार गीत रिमझिम गिरे सावन... की प्रस्तुति देकर जैसे सावन को ही सुरों में पिरो दिया. राजेश परते ने गीत तेरे जैसा यार कहां... गाकर दोस्ती की मिठास घोल दी. राजेश श्रीवास्तव ने जब चेहरा है या चांद खिला है... गाया, तो श्रोताओं ने तालियों से समूचे प्रांगण को गुंजा दिया. गायिका नीना खापड़े ने मेरे नैना सावन भादो... की प्रस्तुति दी, जिसने कार्यक्रम को भावनाओं की गहराई से जोड़ दिया. कार्यक्रम में किशोर कुमार के और भी कई यादगार गीत प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्रेम, विरह, उल्लास, ताजगी और जीवन के विविध रंगों का सम्मिलन था.



### एक नजर में



### महापौर ने श्रीमद् भागवत कथा में किया पूजन

**भोपाल.** महापौर मालती राय सोमवार को बिरला मंदिर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुईं. महापौर राय ने पुष्पमाला अर्पितकर व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर कथा का श्रवण किया. इस दौरान उन्होंने श्रावण मास में श्रीमद् भागवत कथा आयोजित करने के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं.

### धागा एक पहचान तीन दिनी आयोजन कल से



**भोपाल.** राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान भोपाल द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के सहयोग से धागा एक पहचान नामक तीन दिवसीय आयोजन 6 से 8 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा. यह आयोजन भारत की विविध बुनाई परंपराओं, कलात्मकता एवं सांस्कृतिक धरोहरों को दर्शाने का एक समर्पित प्रयास है. इसमें प्रदर्शनी शिल्पकारों द्वारा कार्यशालाएं, लाइव डेमोन्स्ट्रेशन एवं संवादात्मक गतिविधियाँ शामिल रहेंगी. इस आयोजन में असम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश से आए 20 से अधिक शिल्पकारों की भागीदारी होगी. ये शिल्पकार अपनी पारंपरिक कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे.

### मेडिकल विद्यार्थियों को डेंगू, मलेरिया से बचाव का प्रशिक्षण

**भोपाल.** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सोमवार को किया गया. जिला मलेरिया कार्यालय में गीतालक्ष्मी लैब टेक्नीशियन के निर्देशन में जरूरी जानकारी साझा की गई. इस मौके पर लैब टेक्नीशियन अन्नपूर्णा धुरिया, उज्ज्वला खरे, नीरज लोधी, दीपिका टिकले और एल.एन.सिटी मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मलेरिया, फाइलेरिया की माइक्रोस्कोपी प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता सम्बन्धी जानकारी दी गई. भोपाल में कई छात्रावासों, आंगनवाड़ी में कार्यशाला एवं प्रचार प्रसार का आयोजन बड़े ही व्यापक स्तर पर किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत छात्रावास श्यामला हिल्स वार्ड-24 जोन-21 में मनोज बाथम द्वारा छात्रावास बड़बई वार्ड 75 जोन-17 में राजकुमार नागर द्वारा, आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड-43 जोन-12 में शंकरलाल वर्मा द्वारा, मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई.

# भारतीय परम्पराएं वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित

▶ निटर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान में डॉ.शर्मा ने कहा

**भोपाल, 4 अगस्त.** एनआईटीटीटीआर भोपाल में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. शिव कुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव, विज्ञान भारती थे. इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने कहा कि हमारे देश की सभी परम्पराएं वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है. इसके हजारों प्रमाण हमारे ग्रंथों ऐतिहासिक अवशेषों में उपलब्ध हैं. भारतीय ज्ञान परंपरा एक निरंतरता है, इसके वैज्ञानिक पहलुओं को समझें एवं जीवन व्यवहार में लायें, तभी इसके उद्देश्य की पूर्ति हो सकती है. सिर्फ पढ़कर स्टूडेंट्स को पढ़ाने से भारतीय ज्ञान परंपरा का उद्देश्य पूर्ण नहीं होगा. निटर के निदेशक डॉ. सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एक जीवंत बौद्धिक परंपरा है, जिसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ पुन: समाज के केंद्र में लाना समय की आवश्यकता है.



### मानव संग्रहालय में डाक प्रदर्शनी आठ से


**भोपाल, 4 अगस्त.** भारतीय डाक विभाग द्वारा 08 अगस्त से 10 अगस्त तक डाक प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में किया जा रहा है. डाक प्रदर्शनी का आरंभ मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मध्य प्रदेश डाक परिमंडल विनीत माथुर एवं निदेशक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय प्रोफेसर अमिताभ पांडे द्वारा 08 अगस्त को दोपहर 12 बजे किया जाएगा. प्रदर्शनी में जनजाति एवं संस्कृति विषय से संबंधित डाक टिकट प्रदर्शित किये जाएंगे.



### दृष्टिबाधितों को एआई प्रो किट दिए

**भोपाल 4 अगस्त. 10 दृष्टिबाधितों को नवजीवन सेवा समिति तथा माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र के द्वारा टार्चइट प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद की सहायता से ज्योति एआई प्रो किट एक समारोह में संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल और इस किट के आविष्कारक और टार्चइट के पदाधिकारी हनी भागचंदानी नेवितरित किया.**

समिति अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया इस किट की सहायता से बच्चों को टेक्स्ट रीडिंग, वस्तु और रंग मुद्रा पहचान, दृश्य वर्णन में सहायता मिलती है और किट के साथ 5 जी स्मार्टफोन भी दिया गया है जिसमें ऐसे विशेष एप्स इन्सटाल हैं जिससे बच्चे तुरंत उपयोगी फीचर्स का उपयोग कर जीवन आसान बना सकते हैं. संस्था के प्रवक्ता भगवान दास ढालिया ने बताया संस्था आगे भी दृष्टिबाधितों के जीवन को सरल सहज बनाने में सहयोग करने के लिए संकल्पित है. इस अवसर पर सेवा कार्यों में सहयोग कर रहे दानदाताओं का मुकेश शर्मा, चेतन पटेल, जगदीश यादव, मनीष श्रीवास्तव मनोज शर्मा, अजय अग्रवाल लाला, मनोज सोनी द्वारा सम्मान भी किया किया गया. विनय अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, विनीता दिवाकर ,रितेश खरे, प्रदीप विश्वकर्मा आदि मौजूद थे.



# हर व्यक्ति पौधारोपण को अपना कर्तव्य समझें

▶ विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने किया आह्वान

**भोपाल, 4 अगस्त. प्रदेश में लगातार कम होते भू-जल स्तर एवं परंपरागत जल संग्रहण संरचनाओं के सतत समाप्त होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में विधानसभा में लोक महत्व के अविलंबनीय विषय पर नियम 139 के तहत विस्तृत, गंभीर एवं परिणाम मूलक चर्चा हुई.**

उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई की कार्यसूची में यह विषय रखा था. विषय की सामयिकता एवं गंभीरता को देखते हुए इस विषय पर सदन की 5 दिन की बैठकों में क्रमश: चर्चा हुई. इस विषय पर कुल 5 घंटा 40 मिनट चर्चा हुई एवं मंत्रीगण सहित पक्ष-विपक्ष के 31 सदस्यों ने अपने विचार रखे. प्रदेश में लगातार कम होते भू-जल स्तर एवं परंपरागत जल संग्रहण संरचनाओं के सतत समाप्त होने से उत्पन्न स्थिति के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सदन में सभी से आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण को अपना कर्तव्य समझना चाहिए. सरकार तो इस दिशा में कार्य कर ही रही है, लेकिन सभी को व्यक्तिगत रूप से वृक्षारोपण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है.

उत्सव की तैयारी ▶ गणेशोत्सव को लेकर हुई बैठक में अधिकारियों ने दिए निर्देश

# गणेश प्रतिमाओं की ऊंचाई 16 फीट से अधिक न हो

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 04 अगस्त. राजधानी में आगामी त्यौहार गणेशोत्सव, डोल ग्यारस को देखते हुए शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को अधिकारियों ने चर्चा की. बैठक में प्रमुख रूप से गणेश प्रतिमाओं की ऊँचाई, चल समारोह, मूर्ति विसर्जन, डीजे का संचालन इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई.**

जिसमें शासन के निर्देशानुसार मूर्ति की कुल ऊंचाई (ट्राला समेत) 16 फीट रखने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही डीजे के निर्धारित एसओपी अनुसार संचालन हेतु दिशा निर्देश दिए गए. साथ ही मूर्ति की ऊँचाई अगर कोई 16 फीट से ज्यादा रखते है, तो सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था के मद्देनजर उस मूर्ति को चल समारोह में सम्मिलित नहीं किया जाएगा, इस पर उपस्थित मूर्तिकारों एवं आयोजकों द्वारा सहमति दी गई.

साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु अवैध शराब तस्कर, आर्म्स तस्कर, मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करें एवं निगरानी बदमाशों, आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें. सोशल मीडिया पर नजर रखें तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर तत्काल कंट्रोल रूम व वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें.

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी एवं पंकज श्रीवास्तव ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में अधिकारियों को निर्देशित किया. इस मौके पर राजपत्रित अधिकारियो, थाना प्रभारियों, मूर्ति निर्माताओं तथा आयोजकों की बैठक ली गई.



> शहर के थाना क्षेत्रों में स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमाओं, चल समारोह/जुलूस मार्ग, विसर्जन स्थल, प्रतिमा/पंडाल सुरक्षा, आमजन की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, लाइटिंग, जूलुस व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन घाट व्यवस्था इत्यादि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. प्रतिमा स्थलों वाले क्षेत्रों में निरंतर गश्त करें व असामाजिक तत्वों पर नजर रखें. साथ ही निगरानी बदमाशों, आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें.

### मैथिलीशरण के काव्य सृजन से हिंदी को मिली नई पहचान

**भोपाल, 4 अगस्त.** राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त को हिन्दी साहित्य का स्वर्णिम स्तंभ मानते हुए उन्हें बुंदेलखंड की धरती का गौरव बताया गया. उनके काव्य-सृजन ने हिन्दी को नई पहचान दी और राष्ट्रीय चेतना को स्वर दिया. यह बात अखिल भारतीय बुंदेलखंड साहित्य एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित गुप्त जयंती समारोह में कही गई. कार्यक्रम का आयोजन भोपाल में किया गया, जिसमें गुप्त जी को नमन करते हुए 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानी महाराज मर्दन सिंह बाँपुर-नरेश की शहादत को भी याद किया गया.